**जे बी अकादमी अयोध्या**

**अर्द्धवार्षिक परीक्षा- 25**

**समय– 3 घंटे** **कक्षा- 8, विषय– हिंदी/संस्कृत** **पूर्णांक- 80**

**निर्देश :- *इस प्रश्न पत्र में कुल तीन खण्ड हैं- क, ख, और ग| खण्ड-'क' अपठित गद्यांश, काव्यांश, व्याकरण व लेखन|**
**खण्ड-'ख' साहित्य तथा खण्ड- 'ग' संस्कृत**

*** तीनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |**

*** यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से दें|**

*** लिखते समय वर्तनी तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें|**

---

**<u>खण्ड – क</u>**

**प्रश्न- 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उचित विकल्प को चुने – (5x1=5)**

गुब्बारे वाला लाल, पीले, नीले, हरे और बैंगनी गुब्बारों को आकाश में उड़ाता हुआ चिल्ला रहा था--" ले लो गुब्बारे, उड़ा दो इन्हें चाँद-तारों तक।" गुब्बारे आकाश में उड़ रहे थे, बच्चे उत्सुक होकर उन्हें तब तक देखे जा रहे थे, जब तक वे आँखों की पहुँच के बाहर जाकर असीम आकाश में छिप नहीं जाते थे।

एक काला-सा बच्चा गुब्बारे वाले के सामने जाकर खड़ा हो गया। बोला, "गुब्बारे वाले अंकल ! क्या काले रंग का गुब्बारा भी इतनी ही ऊँचाइयों तक उड़ सकता है?"-गुब्बारे वाले ने बच्चे को देखा और जाने क्या सोचकर उसने उसके गालों को थपथपाते हुए कहा, "बेटे! काला या लाल, पीला या हरा होने से गुब्बारा नहीं उड़ता; वह ऊँचे से ऊँचा उड़ता है, उस गैस के बल पर जो उसमें भरी रहती है। गुब्बारों की ही तरह आदमी भी गोरा या काला हो सकता है, पर उसका जिंदगी की ऊँचाइयों को छूना इस पर निर्भर है कि उसके भीतर उड़ान की कितनी भूख है, उड़ने की कितनी योग्यता और शक्ति है। आदमी की गैस जो उसे उड़ाती है, उसका संकल्प है, इरादा है, उसकी मेहनत है। याद रखो-विश्वास, प्रयास और अभ्यास ही आदमी को ऊँचे से ऊँचे आकाश तक उड़ाते हैं।" बच्चा खुश एवं संतुष्ट होकर चला गया।

(क) गुब्बारे वाले से प्रश्न किसने पूछा?

(i) गोरे बच्चे ने (ii) काले बच्चे ने (iii) मोटे बच्चे ने (iv) भूरे बच्चे ने

(ख) काले बच्चे के मन में काले गुब्बारे के बारे में प्रश्न क्यों आया?

(i) ईर्ष्या के कारण (ii) तिरस्कार पाने के कारण (iii) जिज्ञासा के कारण (iv) विरोध के कारण

(ग) गुब्बारा किसके बल पर आकाश में उठता है?

(i) रंग के कारण (ii) अपनी बनावट के कारण (iii) अपनी हवा के कारण (iv) आकाश की वायु के कारण

(घ) इस घटना का संदेश क्या है?

(i) काले बच्चे आकाश छू सकते हैं (ii) सभी बच्चे आकाश छू सकते हैं

(iii) गोरे बच्चे आकाश छू सकते हैं (iv) कोई बच्चा आकाश नहीं छू सकता।

ङ.- कौन खुश एवं संतुष्ट होकर चला गया

i- गुब्बारे वाला। ii- खिलौने वाला। iii- बच्चा iv- बच्चा एवं गुब्बारे वाला दोनों

**प्रश्न2- निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उचित विकल्प को चुने – (5x1=5)**

देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें
सूरज हमें रोशनी देता हवा नया जीवन देती है
भूख मिटाने को हम सबको, धरती पर होती खेती है।
औरों का भी हित हो जिसमें, हम ऐसा कुछ करना सीखें
पथिकों को जलती दुपहर में पेड़ सदा देते हैं छाया
खुशबू भरे फूल देते हैं, हमको नव फूलों की माला,
त्यागी तरुओं के जीवन से हम भी तो कुछ देना सीखें।
जो अनपढ़ हैं उन्हें पढ़ाएँ, जो चुप हैं उनको वाणी दें।
हम मेहनत के दीप जलाकर, नया उजाला करना सीखें।

प्रश्न (i) कवि हमसे क्या अपेक्षा रखता है?

(क) कवि हमसे त्याग की अपेक्षा रखता है।
(ख) कवि हमसे परहित की अपेक्षा रखता है।
(ग) कवि हमसे परिश्रम की अपेक्षा रखता है।
(घ) ये सभी विकल्प सही हैं।

(ii) कवि के अनुसार देश हमें क्या देता है?

(क) कवि के अनुसार देश हमें आश्चर्य देता है।
(ख) कवि के अनुसार देश हमें धन-धान्य देता है।
(ग) कवि के अनुसार देश हमें रोज़गार के अवसर देता है।
(घ) कवि के अनुसार देश हमें सब कुछ देता है।

(iii) हम किससे देना सीख सकते हैं?

(क) हम देश और धरती से देना सीख सकते हैं।
(ख) हम सूरज और हवा से देना सीख सकते हैं।
(ग) हम वृक्षों और फूलों से देना सीख सकते हैं।
(घ) ये सभी विकल्प सही हैं।

iv) कवि ने त्यागी का संबोधन किसके लिए किया है?

(क) कवि ने त्यागी का संबोधन सूरज के लिए किया है।
(ख) कवि ने त्यागी का संबोधन धरती के लिए किया है।
(ग) कवि ने त्यागी का संबोधन वृक्षों के लिए किया है।
(घ) कवि ने त्यागी का संबोधन फूलों के लिए किया है।

(v) कवि हमें क्या सीखने की प्रेरणा देता है?

(क) कवि हमें सबको कुछ देने की प्रेरणा देता है।
(ख) कवि हमें दूसरों के हित जीने की प्रेरणा देता है।
(ग) कभी हमें मेहनत करने की प्रेरणा देता है।
(घ) ये सभी विकल्प सही हैं।

**प्रश्न- 3 (शब्द विचार)**

**क- अधोलिखित शब्दों का सही संधि विच्छेद करें -** **(1)**

महोत्सव, सत्याग्रह

ख-निम्नांकित संधि विच्छेद से संधि शब्द लिखें – (**1)**

सदा+एव, शे+अन

**ग -रेखांकित शब्दों में कारक बताएँ-** **(2)**

**i-** अथर्व पुस्तक पठता है I

ii- नाव्या साइकिल से स्कूल जाती है।

iii- पुस्तक मेज पर है I

iv- राजवीर स्कूल से घर गया।

**घ - निम्नांकित शब्दों में उपसर्ग छाँटकर लिखें-** **(1)**

अपशब्द, अधिनायक

ङ **- निम्नांकित शब्दों में प्रत्यय छाँटकर लिखें-** **(1)**

लिखावट, मुस्कुराहट

**प्रश्न- 4 (वाक्य विचार)**

**निम्नांकित वाक्यों मे अर्थ के आधर पर वाक्य भेद बताएँ-** **(2)**

i- सिद्धार्थ कक्षा आठ में पढता है |

ii- संभवत: वह सुधर जाए |

iii- ईश्वर तुम्हारा भला करें |

iv- मैंने भोजन नहीं किया |

**प्रश्न- 5- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर 100से 120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन करें -** **(5)**

**एक भारत, श्रेष्ठ भारत**

**संकेत बिंदु :-** ( i- विविधता में एकता ii- विश्व पटल पर उभरता भारत iiii- श्रेष्ठ भारत बनने से लाभ)

**अथवा**

**जेबीए का वार्षिक उत्सव**

**संकेत बिंदु:-** (i- विद्यालय की तैयारी ii- वार्षिक उत्सव का महत्व iiii- अनेक कार्यक्रम iv-कार्यक्रम का समापन

**प्रश्न. 6- आपके विद्यालय में हिंदी ओलंपियाड होने वाला है उसमें प्रतिभाग करने के लिए अपने प्रधानाचार्य को पत्र लिखें।** **(5)**

**प्रश्न.7. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 50 से 60 शब्दों में संवाद लिखिए।** **(4)**

स्कूल के दो छात्रों के बीच पढ़ाई संबंधी संवाद लिखें ।

**अथवा**

महानगरों में ट्रैफिक जाम की समस्या पर दो व्यक्तियों के बीच संवाद लिखें।

**<u>खण्ड- (साहित्य)</u>**

**प्रश्न-8- निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें –** **(5x1=5)**

एक पुलिया के ऊपर पहुँचे ही थे कि एक टायर फिस्स करके बैठ गया। वह बहुत जोर से हिलकर थम गई। अगर स्पीड में होती तो उछलकर नाले में गिर जाती। मैंने उस कंपनी के हिस्सेदार की तरफ़ पहली बार श्रद्धाभाव से देखा। वह टायरों की हालत जानते हैं फिर भी जान हथेली पर लेकर इसी बस से सफ़र कर रहे हैं। उत्सर्ग की ऐसी भावना दुर्लभ है। सोचा, इस आदमी के साहस और बलिदान भावना का सही उपयोग नहीं हो रहा है। इसे तो किसी क्रातिकारी आंदोलन का नेता होना चाहिए। अगर बस नाले में गिर पड़ती और हम सब मर जाते तो देवता बाँहें पसारे उसका इंतजार करते। कहते- "वह महान आदमी आ रहा है जिसने एक टायर के लिए प्राण दे दिए। मर गया, पर टायर नहीं बदला।"

(क)- पुलिया पर पहुंचते ही क्या हुआ?

(ख)- लेखक ने कंपनी के हिस्सेदार की ओर श्रद्धा भाव से क्यों देखा?

(ग)- टायरों की हालत के बारे में कौन जानता था?

(घ)-उपर्युक्त गद्यांश में निहित मुहावरा खोज कर लिखें |

(ड.)- उपर्युक्त गद्यांश के लेखक एवं पाठ का नाम लिखें |

**प्रश्न –9 - निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर दें –** **(5x1=5)**

वह पुलकनि, वह उठि मिलनि, वह आदर की बात।<br>
वह पठवनि गोपाल की, कछू न जानी जात ।।<br>
कहा भयो जो अब भयो, हरि को राज-समाज।<br>
हौं आवत नाहीं हुतौ, वाही पठयो ठेलि ।।<br>
घर-घर कर ओड़त फिरे, तनक दही के काज।<br>
अब कहिहौं समुझाय कै, बहु धन धरौ सकेलि।।

क- कृष्ण के किस व्यवहार को भुलाया नहीं जा सकता ?

ख- सुदामा कृष्ण के प्रति क्यों खींझ गए ?

ग- इस पद में सुदामा को कृष्ण के बचपन की कौन सी घटना याद आ गई |

घ- वाही पठयो ठेलि | पंक्ति में “वाही” शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

ड.- उपर्युक्त पद्यांश के कवि एवं पाठ का नाम लिखें?

**प्रश्न-10- निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दें- (अतिलघूत्तरीय प्रश्न)** **(8x1=8)**

**i**- लेखक को बस दयनीय क्यों लग रही थी ?

**ii-** 'आया है सो जाएगा राजा रंक फकीर' इस पंक्ति से क्या आशय है?

**iii-** लेखक को हर पेड़ दुश्मन क्यों लग रहा था?

iv- भारत में किन वस्तुओं के संग्रह को महत्व नहीं दिया जाता?

v- टिकट बाबू लेखक को ढूंढता हुआ क्यों आया?

vi- लेखक टिकट बाबू के किस बात पर चकित थे ?

vii - 'क्या निराश हुआ जाए' पाठ किस विधा में लिखा गया है तथा इसके लेखक कौन हैं?

viii- सुदामा अपनी पोटली क्यों छिपा रहे थे ?

**प्रश्न-11 - निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दें (लघूत्तरीय प्रश्न)** **(4x2=8)**

**i-** सुदामा की दीन दशा देखकर कृष्ण की क्या मनोदशा हुई?

ii- बस यात्रियों ने कंडक्टर पर संदेह क्यों किया? क्या निराश हुआ जाए पाठ के आधार पर तर्क सहित लिखें|

iii- जाति ने पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान।। इस दोहे का भाव अपने शब्दों में लिखें।

iv- कबीर ने मनुष्य को अहंकार छोड़ने का संदेश क्यों दिया है? |

**प्रश्न12- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें (दीर्घउत्तरीय से प्रश्न)** **(2x3=6)**

**i-** आपके सपनों का भारत कैसा होना चाहिए ? उत्तर विस्तार से लिखें |

**ii-** कबीर की सखियां हमें क्या संदेश देती हैं? उत्तर विस्तार से लिखें।

**खण्ड – ग (संस्कृत)**

**प्रश्न13- निम्नलिखित श्लोक का हिंदी अनुवाद करें –** **(2)**

मूकं करोति वाचालम् , पंगुं लंघयते गिरिम् ।
यत्कृपा तमहं वन्दे, परमानन्द माधवम् ॥

**प्रश्न-14 -निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दें –** **(4)**

**i-** अभिवादनशीलस्य किं वर्धते?

ii- एक: ईश: क: अस्ति**?**

iii-भारतस्य उत्तरदिशायां क: अस्ति ?

iv- अस्माकं देशस्य किमभिधानम्

**प्रश्न-15. कोष्ठक में दिए गये सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें –** **(2)**

**(अपश्यत्, खगा:,भूमौ, वृष्टिजलेन, उपाविशत् )**

**i-** एक: वानर: वृक्षस्य अध: --------------- ।

ii- रमेश: कम्पमानं वानरम् ---------------------।

iii- वानर: नीडानि –--------------------अक्षिपत्।

iv- वानर:--------------------आर्द्रा:अभवन् ।

**प्रश्न16. – निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद करें-** **(2)**

अधुनैव, सत्यमेव, तदनन्तरं, तस्मिन्नैव

**प्रश्न. 17- सही जोड़े का मिलान करें-** **(2)**

| | |
|---|---|
| क- पूर्वदिशायां | i- भारत देश: |
| ख- पृथिव्या: स्वर्गं | ii- नम: |
| ग- भारतभूमये | iii- कश्मीर प्रदेशं |
| घ- विशाल: | iv- बंगलादेश: |

**प्रश्न. 18–निम्नलिखित श्लोक का अर्थ लिखें-** **(2)**

न कश्चिद् कस्यचित् मित्रं, न कश्चिद् कस्यचिद् मित्रं रिपु:।

व्यवहारेण मित्राणि जायन्ते रिपवस्तथा।।

**प्रश्न. 19 - रिक्त स्थानों की पूर्ति करें -** **(2)**

**विदेशेषु धनं –-------------अस्ति। –------------धनं मति:।**

**परलोके –---------धर्म:। शीलं –----------वै धनं।**

******************************************************************************